उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान

TROPICAL FOREST RESEARCH INSTITUTE

डाकघर - आर0एफ0आर0सी0, मण्डला रोड, जबलपुर, (म0प्र0) - 482021

P.O. – R.F.R.C, Mandla Road, JABALPUR (M.P) – 482021

प्रयोगशाला प्रबंधन पर प्रशिक्षण उद्घाटित

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद देश में अपने अधीनस्थ वन अनुसंधान संस्थानों में कार्यरत अनुसंधान / तकनीकी कर्मियों को **'मानव संसाधन विकास योजना'** के अन्तर्गत प्रतिवर्ष अनुसंधान क्षेत्र में प्रयोगशाला उपकरणों एवं अनुसंधान तकनीकियों की नवीनतम जानकारी उपलब्ध कराने हेतु प्रयोगशाला प्रबंधन पर प्रशिक्षण आयोजित करता है। इस तारतम्य में स्थानीय उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में दिनांक 25–06–2012 से 29–06–2012 तक पॉच दिवसीय प्रयोगशाला प्रबंधन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

आज **उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि श्री सी0पी0 राय, प्रधान उप वन संरक्षक, म0प्र0, विशिष्ट अतिथि डॉ0 आर0जी0 सोनी, मुख्य वन संरक्षक (अनुसंधान) जबलपुर एवं संस्थान के निदेशक डॉ0 यू0 प्रकाशम एवं अन्य ने दीप प्रज्जवलित कर पॉच दिवसीय प्रशिक्षण**

कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन अनुसंधान संस्थान, देहरादून ; वन आनुवांशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर ; काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, बंगलौर ; उष्ण कटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर ; वर्षा एवं नम

पर्णपाती वन अनुसंधान संस्थान,जोहरट ; शुष्क वन अनुसंधान संस्थान, जोधपुर ; हिमालय वन अनुसंधान संस्थान, शिमला एवं वन उत्पादकता संस्थान, रांची में कार्यरत अनुसंधान / तकनीकी कर्मी भाग ले रहे है। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ0 एन0 कुलकर्णी एवं आभार प्रदर्शन डॉ0 फातीमा शिरिन ने किया।

इस पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवीनतम प्रयोगशाला उपकरणों की जानकारी एवं प्रबंधन, उपकरणों के कार्य करने के सिद्वान्त, एवं वन अनुसंधान से जुड़े विभिन्न प्रयोगशालाओं (अकाष्ठ वन उत्पाद प्रयोगशाला, इनसेक्टेरियम, टीशू कल्चर प्रयोगशाला, इकोलाजी प्रयोगशाला एवं वन रोग प्रयोगशाला) का भ्रमण कराया जायेगा। साथ–साथ वन अनुसंधान पर कार्य कर रहे वैज्ञानिकों का संबंधित विषयों पर व्याख्यान का कार्यक्रम रखा गया है। इस पॉच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक वन विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष डॉ0 नितिन कुलकर्णी है।